भागीरथी बाल शिक्षा सदन सै० स्कूल

कक्षा-IV, पाठ - 1 'एक किरण' (कविता), स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

विषय - हिंदी

रेशम जैसी हँसती-खिलती
नभ से आई एक किरण
फूल-फूल की मीठी-मीठी
खुशियाँ लाई एक किरण।

पड़ी ओस की थी कुछ बूँदें
झिलमिल-झिलमिल पत्तों पर
उनमें जाकर दीपा जलाकर
ज्यों मुस्काई एक किरण।

लाल-लाल थाली सा सूरज
उठकर आया पूरब में
फिर सोने के तारों जैसी
नभ में छाई एक किरण।

एक किरण से बदल गया जग
चिड़ियाँ गातीं गीत चलीं
हवा चली, हिल उठे पेड़ सब
सबको भायी एक किरण।

सूरज आया दिन मुस्काया
जागी दुनिया भोर हुई
नया-नया मन, ताजा जीवन
सबको लाई एक किरण।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) नभ से आई किरण कैसी है?

(ख) सूरज किस दिशा में निकला है और वह कैसा लग रहा है?

(ग) एक किरण के आने से संसार कैसे बदल गया?

(घ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो —
नभ, भोर, जग, दीपा, हवा

(ङ) चित्र बनाकर रंग भरिए।

सूरज	फूल

Scanned with CamScanner

(पर्यायवाची शब्द)

नभ – गगन, आसमान, आकाश

पेड़ – वृक्ष, तरु, पादप

फूल – पुष्प, सुमन, प्रसून

हवा – वायु, समीर, पवन

कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए –

(क) रेशम जैसी _____

_____ किरण

फूल-फूल _____

_____ एक किरण

(ख) सूरज आया _____

भोर हुई।

नया – नया _____

_____ एक किरण।



वचन बदलो –

चिड़िया ____, पत्ता ____, तारा ____,

थाली ____, तितली ____, छात्र ____।

Scanned with CamScanner

बहुविकल्पी प्रश्न

सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–

1. किरण फूलों से क्या लाई है?

   (क) मीठी खुशियाँ ◯ (ख) चमक-दमक ◯

2. सूरज को कैसा बताया गया है?

   (क) लाल-लाल थाली-सा ◯ (ख) सोने के तारों जैसा ◯

3. दिन कब मुसकाता है?

   (क) सूरज के आने पर ◯ (ख) भोर होने पर ◯

Scanned with CamScanner